## महत्वपूर्ण एवं खास

### नरहरपुर इलाके में नक्सलियों ने फेंका पर्चा, ग्रामीणों में दहशत

कांकेर (आरएनएस)। दो दिसंबर से नक्सलियों द्वारा मनाए जाने वाला पीएलजीए सप्ताह के शुरूआती दिनों में नक्सलियों ने कांकेर जिले के नरहरपुर इलाके में पर्चा फेंककर सनसनी मचा दी। बताया जाता है कि नरहरपुर इलाके में नक्सलियों ने पहली बार पर्चा फेंककर अपनी मौजूदगी दर्ज की है। पर्चा फेंके जाने बाद इलाके के ग्रामीणों काफी दहशत देखी जा रही है। इधर मामले की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस की टीम ने बैनर पोस्टर और पर्चों को निकालकर जब्त कर लिया है तथा ग्रामीणों को यह समझाइश दिया जा रहा है कि वे नक्सलियों से बिल्कुल भी न डरे और इलाके में किसी प्रकार की गतिविधि हो तो तुरंत पुलिस को इसकी सूचना दे।

### गांधी चौक में चली गोली

भिलाई (आरएनएस)। सुपेला थाना के अंतर्गत आने वाले इलाके गांधी चौक में गोली की आवाज से हड़कंप मच गया। लोगों में अफरा-तफरी का माहौल बना रहा। कुछ देर बाद पुलिस मौके पर पहुंची और हालात को अपने काबू में करने कोशिश की गई। सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक विरेंद्र सेन नाम का आरोपी ने यहां फायरिंग की है। शराब के नशे में विरेन्द्र का कुछ लोगों का विवाद हो गया। इतने में धौंस जमाने के चक्कर में विरेन्द्र ने गोली चला दी। लोग जमा होने लगे तो विरेन्द्र भाग गया। पुलिस के मुताबिक गांधी चौक में फायरिंग करने वाला विरेन्द्र पुराना बदमाश है। कई मामलों में पुलिस की गिरफ्त में आ चुका है। आरोपी की तलाश की जा रही है।

### गुजरात पुलिस कॉन्स्टेबल भर्ती परीक्षा पेपर लीक मामले में चार लोग गिरफ्तार

गुजरात। गांधीनगर के SP मयूर चावड़ा ने गुजरात पुलिस कॉन्स्टेबल भर्ती परीक्षा का पेपर लीक होने के मामले में बताया कि मामले में चार लोगों -मनहर पटेल, रूपल शर्मा, पीवी पटेल और मुकेश चौधरी – को गिरफ्तार किया गया है. मनहर पटेल और मुकेश चौधरी BJP के कार्यकर्ता हैं, और BJP ने उन्हें निलंबित कर दिया है। गांधीनगर के SP मयूर चावड़ा ने गुजरात पुलिस कॉन्स्टेबल भर्ती परीक्षा का पेपर लीक होने के मामले में बताया कि गिरफ्तार किया गया पीवी पटेल पुलिस महानिदेशक कार्यालय में सब-इंस्पेक्टर है, और उसे भी निलंबित कर दिया गया है. रूपल शर्मा एक होस्टल का वॉर्डन है. वडोदरा नगर निगम में काम करने वाला लुनावड़ा का यशपाल सिंह सोलंकी मुख्य षडयंत्रकारी है, और फरार है.

### राजौरी : चुनावी हिंसा में संलिप्तता के आरोप में 3 लोग गिरफ्तार

जम्मू। जम्मू कश्मीर में पंचायत चुनाव का छठा चरण सफलतापूर्वक संपन्न होने के बाद चुनाव से संबंधित हिंसा में कथित संलिप्तता के लिए राजौरी जिले में रविवार को तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार लोगों की पहचान मंजूर हुसैन, मकसूद हुसैन और इबरार अहमद के रूप में की गयी है। एक अधिकारी ने बताया कि कल रात थानामंडी क्षेत्र के राजधानी गांव में एक असफल सरपंच उम्मीदवार समेत कुछ लोग एक अन्य पराजित उम्मीदवार के घर में घुस गये और उसके परिवार के लोगों से मारपीट की। उन्होंने बताया कि घर के सामानों को क्षतिग्रस्त कर दिया गया। एक शिकायत के अनुसार 12 हमलावरों ने परिवार पर हमला किया जिसमें पांच लोग घायल हो गये। अधिकारी ने बताया कि इस संबंध में प्राथमिकी दर्ज कर ली गयी है और आरोपियों को पकड़ने के लिए अभियान शुरू कर दिया गया है।

### जशपुर: 9 माह की गर्भवती महिला आरक्षक की मौत

जशपुर. महिला आरक्षक की इलाज के दौरान निजी अस्पताल में मौत हो गई. मामला कुनकुरी स्थित होलीक्रास हॉस्पिटल का है, जहां आठ माह की गर्भवती महिला आरक्षक को बीती रात शरीर में सूजन और हाई बीपी की वजह से निजी होलीक्रास हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया था.जानकारी के अनुसार, महिला आरक्षक रोसलिमा एक्का कुनकुरी थाना में पदस्थ थी, वहीं उसके पति दीपक लकड़ा की भी तबीयत खराब होने की वजह से अस्पताल के आईसीयू में भर्ती कराया गया है. दीपक भी पुलिस आरक्षक है, और जिले के तपकरा थाने में पदस्थ है.

### बीएसएनएल कर्मचारियों का आन्दोलन हुआ स्थगित

रायपुर। बीएसएनएल कर्मचारियों का आन्दोलन हुआ स्थगित, केन्द्रीय संचार मंत्री के आश्वासन के बाद आन्दोलन हुआ स्थगित, पांच सूत्रीय मांगों को लेकर आज से करने वाले थे आन्दोलन, एक सप्ताह के लिए आन्दोलन हुआ स्थगित।

### एक टेबल में होगी केवल 500 पोस्टल बैलेट की गणना

दुर्ग। जिले के छह विधानसभा क्षेत्रों के लिए सरकारी अधिकारियों व कर्मचारियों द्वारा डाले गए पोस्टल बैलट ईवीएम से अलग टेबलों पर की जाएगी। इसके लिए विधानसभावार अलग-अलग टेबल लगाए जाएंगे। खास बात यह है कि एक टेबल में 500 से अधिक पोस्टल बैलेट की गणना नहीं की जा सकेगी। सरकारी अधिकारियों व कर्मचारियों द्वारा डाले गए पोस्टल बैलेट की संख्या अधिक होने व गणना में सहूलियत के लिएनिर्वाचन आयोग द्वारा यह व्यवस्था की गईहै। अब तक डाकमत पत्रों की गणना एक ही टेबल पर किया जाता था।

## अपने नए विधायकों पर पैनी नजर रखेगी कांग्रेस




रायपुर (आरएनएस)। विधानसभा चुनाव में इस बार जीत के प्रति पूरी तरह से आश्वस्त कांग्रेस पार्टी ने मतगणना के परिणाम आने के साथ ही विजयी प्रत्याशियों को राजधानी तक पहुंचाने के लिए टीम गठन का ऐलान किया है। विधायकों को एक साथ रखने के लिए अलग से रणनीति तैयार की गई है, इसके अलावा कांग्रेस के सभी विजयी प्रत्याशियों के लोकेशन पर विशेष नजर रखी जाएगी।

पीसीसी सूत्रों की माने तो इस बार विधानसभा चुनाव में कांग्रेस की जीत निश्चित है। प्रदेश की जनता ने इस बार परिवर्तन की लहर को सही ठहराते हुए कांग्रेस को विजयी होने का आशीर्वाद दिया है। इधर राज्य की सत्ता में काबिज होने का दावा करते हुए कांग्रेस ने बकायदा रणनीति तैयार किया है। पिछले तीन विधानसभा चुनाव के परिणाम से सबक लेते हुए इस बार पीसीसी ने मतगणना के पूर्व ही रणनीति बनाकर काम करना शुरू भी कर दिया है। सूत्रों की माने तो 28 नवंबर को राजीव भवन में हुई कांग्रेस पदाधिकारियों, कांग्रेस प्रत्याशियों की बैठक में इस बात का निर्णय लिया गया है। मतगणना के दिन प्रत्येक प्रत्याशियों के साथ एक टीम भी रहेगी। विजयी होने के साथ ही उक्त प्रत्याशी को लेकर गठित टीम सीधे राजधानी रायपुर के लिए रवाना हो जाएगी। राजधानी रायपुर आने के बाद विजयी प्रत्याशियों को एक स्थान पर रखा जाएगा। इसके अलावा सभी प्रत्याशियों के मोबाइल फोन पर लगातार संपर्क रखा जाएगा और विजयी घोषित होने के साथ ही उन्हें टीम के साथ रायपुर आना होगा। इधर राजनीति के पंडितों का कहना है कि कांग्रेस इस बार विधानसभा चुनाव के पूर्व जहां प्रत्याशी चयन में फूंक-फूंककर कदम रख रही थी तो वहीं चुनाव में भी कांग्रेस ने पूरी सावधानी बरती है। अब मतगणना के पूर्व संभावित विजयी प्रत्याशियों के रायपुर आगमन और उनके एक साथ रहने को लेकर भी कांग्रेस बेहतर ढंग से काम कर रही है। विदित हो कि इस बार पीसीसी नेताओं ने एकता और रणनीति के तहत काम करते हुए भाजपा को चुनाव में जोरदार टक्कर दी है।


## ट्राली बैग की जांच के दौरान बड़ी मात्रा में गांजा बरामद



रायपुर (आरएनएस)। संदिग्ध रुप से खड़े युवक की जांच के दौरान ट्राली बैग में मिला बड़ी मात्रा में गांजा। पुलिस ने गांजा जप्त कर युवक को गिरफ्तार कर लिया है। गंज थाने में युवक के खिलाफ धारा 20 बी एन.डी.पी.एस एक्ट के तहत के तहत कार्रवाई की गई है।

मिली जानकारी के अनुसार अमीत प्रकाश कुश्वाहा 28 वर्ष पिता रामकुमार कुशवाहा निवासी ग्राम अमेलिया थाना कोठी जिला सतना म.प्र. को तेलघानीनाका चौक के पास खंडा था। पुलिस ने युवक की जांच किया तो उसके पास से भुरे रंग की ट्राली बैग में 9 किलो 900 ग्राम मादक पदार्थ गांजा पाए जाने पर जप्त कर उसे गिरफ्तार कर लिया।

## हमेशा मानूंगा दीपिका की बात:रणवीर सिंह



जब भी रणवीर सिंह अपनी लेडी लव दीपिका पादुकोण के बारे में बात करते हैं तो कुछ खास ही करते हैं। कभी भी इनके फैन्स दीपिका के लिए कहे गए रणवीर के शब्दों को नजरअंदाज नहीं कर सकते हैं। दीपिका के लिए रणवीर की बातें हर किसी को अपनी तरफ आकर्षित करती हैं। शादी के बाद जब मुंबई में रणवीर की बहन रितिका भवनानी ने दीपवीर के शादी की पार्टी दी थी तो उसमें रणवीर ने दीपिका को दुनिया की सबसे खूबसूरत लेडी बताया था। इस बार 1 दिसंबर को हुई अपनी रिसेप्शन पार्टी में भी रणवीर ने दीपिका के बारे में कुछ ऐसा कहा जिसे देखकर लगता है कि रणवीर पूरी जिंदगी दीपिका की बात मानते रहेंगे। इंटरनेट पर एक विडियो सामने आया है जिसमें रणवीर स्टेज पर माइक पर खड़े हैं। इस दौरान रणवीर कह रहे हैं कि वह हमेशा वही काम करेंगे जो उनकी पत्नी उनसे कहेंगी। उन्होंने कहा, जीवन में सफल होने का एक ही मंत्र है कि जो भी आपकी पत्नी कहें उसे हमेशा मानें। इसके बाद रणवीर अपनी लेडी लव दीपिका के लिए एक सॉन्ग डेडिकेट करते हैं। हालांकि विडियो देखकर यह पता नहीं चलता है कि रणवीर ने दीपिका के लिए कौन सा गाना डेडिकेट किया लेकिन इतना तो तय है कि रणवीर ने कोई बेहद रोमांटिक सॉन्ग ही चुना होगा।

## दंतैल हाथी ने वृद्ध को मौत के घाट उतारा, दूसरे ने भागकर जान बचायी



कोरबा (आरएनएस)। कोरबा वन मंडल के करतला वन परिक्षेत्र अंतर्गत जंगल में मौजूद दंतैल हाथी ने शाम को एक वृद्ध की जान ले ली। वृद्ध के साथ गांव लौट रहे एक अन्य ग्रामीण ने भागकर अपनी जान बचायी और ग्रामीणों को घटना की जानकारी दी।

जानकारी के अनुसार ग्राम तौलीपाली-कल्गामार के मध्य ग्राम धोबनीमार निवासी धनसाय पिता घुरउ राम मंझवार 60 वर्ष को दंतैल हाथी ने मौत के घाट उतारा है। बताया गया कि धनसाय एक अन्य मित्र के साथ काम करने कल्गामार गया था। रविवार शाम लगभग 5 बजे दोनों मित्र वापस ग्राम तराईमार होते हुए घर की ओर लौट रहे थे। इस बीच इनका सामना करीब 50 मीटर दूर मौजूद दंतैल से हो गया। धनसाय वृद्ध होने के कारण भाग नहीं सका जबकि उसका मित्र जान बचाकर भाग निकला। दंतैल ने धनसाय को पटक कर मार डाला। जान बचाकर भागे ग्रामीण ने अन्य लोगों को घटना की जानकारी दी व वन कर्मियों को भी सूचना दी गई।

उल्लेखनीय है कि इससे पहले हाथियों के उत्पात से जंगल और उससे लगे ग्रामीण इलाके थर्रा रहे थे। कुछ महीने की शांति के बाद हाथियों की दस्तक कोरबा व कटघोरा वनमंडल में सुनाई दी। हालांकि इस दौरान हाथियों ने खेतों में खड़ी फसलों को ही नुकसान पहुंचाया। हाथियों को खदेड़ दिए जाने और कटघोरा वनमंडल में जमे हाथियों के अंबिकापुर चले जाने से राहत महसूस की जा रही थी।

## चाय गुमटी की आड़ में देशी शराब 39 पौवा बेचने वाली महिला गिरफ्तार



बिलासपुर (आरएनएस)। बिलासपुर रेलवे स्टेशन के पास बुधवारी में एक महिला चाय दुकान की आड़ में शराब बेच रही थी। भनक लगने पर तोरवा पुलिस ने रविवार रात उसकी दुकान पर छापेमारी कर 39 पाव देसी शराब बरामद की। आरोपी महिला को आबकारी एक्ट की धारा 34(2) के तहत गिरफ्तार कर लिया गया।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, आरोपी महिला मंजू उर्फ अंजुम बेगम पति शेख रसीद (38) चुचुहियापारा की रहने वाली है। वह बुधवारी सब्जी मार्केट में रहकर चाय दुकान चलाती है। रविवार रात तोरवा पुलिस को खबर मिली कि मंजू चाय दुकान की आड़ में शराब बेच रही है। पुलिस ने तत्काल दबिश देकर छानबीन की। मंजू की चाय दुकान से 39 पाव देसी शराब बरामद की गई। सीमेंट की बोरी से निकली शराब 39 नग देशी प्लेन शराब कांच की शीशी में, जिसमें प्रत्येक शीशी में 180-180 एमएल शराब भारी हुई थी, पीले रंग की सीमेंट की प्लास्टिक की बोरी छिपाकर रखी गई थी।


## स्मार्ट कार्ड से इलाज की मांग को लेकर छजकां ने सीएमओ कार्यालय का किया घेराव



रायपुर (आरएनएस)। स्मार्ट कार्ड बनने के बावजूद भी गरीब वर्ग के मरीजों का शासकीय चिकित्सालय में इलाज समय पर नहीं होने पर उन्हें अनेक परेशानियों का सामना करना पड़ता है। निर्धन वर्ग की इसी महत्वपूर्ण समस्या को लेकर छत्तीसगढ़ जनता कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने पदाधिकारी डॉ. ओमप्रकाश देवांगन के नेतृत्व में मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय का घेराव मौन रैली निकालकर किया।

डॉ. देवांगन ने सीएमओ को ज्ञापन सौंपते हुए स्मार्ट कार्ड धारियों का समय पर इलाज किए जाने की मांग को लेकर उन्हें ज्ञापन सौंपा।

## जादुई मुंबई बनाने की जरूरत है : शाहरुख खान



बॉलीवुड सुपरस्टार शाहरुख खान का कहना है कि मुंबई के लोगों को अपने लिए जादुई मुंबई बनाने की जरूरत है। अभिनेता शाहरुख खान मुंबई 2.0 समारोह में मीडिया को संबोधित कर रहे थे। यह महाराष्ट्र सरकार द्वारा मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के साथ आयोजित किया गया था। मुंबई के लोगों के बारे में बात करते हुए शाहरुख ने मुंबई शहर और इसके लोगों के लचीलेपन और धैर्य की सराहना की। उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि धैर्य से ज्यादा, मुंबई के लोगों के व्यक्तित्व में लचीलापन है। ज्यादातर अवसरों पर हमने यह देखा है चाहे बारिश हो, ट्रैफिक जाम या और कोई अड़चन, मुंबई हमेशा से लचीली रही है, मजबूत खड़ी रही है और पर कठिनाई का सामना प्यार, दया और हिम्मत से करती रही है।

## इन औषधीय पौधे को लगाने से घटा सकते हैं वायु प्रदूषण - वैज्ञानिक



दिनोदिन बढ़ रहा वायु प्रदूषण सबकी चिंता का विषय बना हुआ है। ऐसे में वैज्ञानिकों ने दावा किया है कि औषधीय पौधे लगाने से हम वातारण को शुद्ध रख सकते हैं। केंद्रीय औषधीय एवं सगंध पौधा संस्थान के वैज्ञानिक डॉ. राजेश वर्मा का कहना है कि खस, पामा, रोजा, वच और तुलसी के पौधे प्रकाश संश्लेषण के दौरान कार्बन डाइऑक्साइड को ज्यादा अवशोषित करते हैं। इन्हें घरों के आस- पास लगाने से वायु प्रदूषण कम होंने की संभावना रहती है। उन्होंने बताया कि ऐसे कई पौधे हैं जो कार्बनडाइ ऑक्साइड खींचते हैं। इन्हें बगीचे या गमले में लगाने से वहां की हवा को शुद्ध रखा जा सकता है। डॉ. वर्मा ने कहा कि एरेका पाम एक ऐसा पौधा है जो कार्बन डाइऑक्साइड को सीधे ऑक्सीजन में बदल देने की क्षमता रखता है।साथ ही यह हवा को फिल्टर कर उसे शुद्ध बनाने में ये पौधा मददगार है। इसलिए सोसायटी और घरों में ऐसे पौधे लगाए जाने चाहिए, जिसकी पत्तियां खुश्क और रेशेदार हों। इससे वातावरण काफी अच्छा रहता है। वैज्ञानिक राजेश वर्मा ने बताया कि एलोवेरा में कई सारे औषधीय गुण मौजूद रहते हैं। इस पौधे को उगने के लिए पानी की जरूरत भी कम होती है। यह वातारण को शुद्ध रखने के साथ कई प्रकार की बीमारियों का भी हरण करता है।इसी प्रकार तुलसी बहुत बड़ी औषधि माना जाता है। इसका इस्तेमाल कई बीमारियों को कम करने और वायु प्रदूषण से बचाने का एक कारगर उपाय है।

## हेमा मालिनी के बाद नुसरत भरूचा बनेंगी 'ड्रीम गर्ल'



बॉलीवुड अभिनेत्री नुसरत भरूचा 'ड्रीम गर्ल' का किरदार निभाने जा रही हैं। सत्तर के दशक में हेमा मालिनी और धर्मेन्द्र को लेकर सुपरहिट फिल्म 'ड्रीम गर्ल' बनाई गई थी। फिल्म में हेमा मालिनी ने टाइटिल भूमिका निभाई थी। बॉलीवुड निर्देशक एकता कपूर अब फिल्म 'ड्रीम गर्ल' बनाने जा रही हैं। यह फिल्म छोटे शहर (नॉन-मेट्रो) की एक कहानी पर आधारित होगी।

यह फिल्म हेमा मालिनी वाली ड्रीम गर्ल जैसी कहानी नहीं बल्कि अलग तरह का ड्रामा होगी। इस फिल्म में आयुष्मान खुराना पहली बार नुसरत भरूचा के साथ नजर आयेंगे। नुसरत इससे पूर्व 'प्यार का पंचनामा' और 'सोनू के टीटू की स्वीटी' जैसी हिट फिल्मों में काम कर चुकी है। इस फिल्म से लेखक राज शाडिल्य का डायरेक्शन में डेब्यू होगा। आयुष्मान ने इस फिल्म में अपने रोल को अभी सीक्रेट रखा है लेकिन बताया है कि वो फिल्म में अपनी आवाज़ के साथ एक्सपेरिमेंट करने वाले हैं, जिसे सुनकर लोग चौंक जाएंगे। फिल्म की कहानी मेरठ शहर की है।

## ज्यादा देर तक हिचकी आने पर आप ये घरेलू उपाय अपनाएं...



वैसे तो हिचकी कुछ समय बाद अपने आप ठीक हो जाती है लेकिन ज्यादा समय तक हिचकी न रूकने पर आपको तुरंत कुछ करना चाहिए। लगातार ज्यादा देर तक हिचकी आने पर आप कुछ घरेलू उपाय कर सकते हैं। आइए जानते है हिचकी रोकने के कुछ घरेलू उपाय।

ठंडा पानी- हिचकी आने पर तुरंत 1 गिलास ठंडा पानी पीएं। अगर इससे भी हिचकियां नहीं रूकती तो आइसक्यूब्स मुंह में रखकर धीरे-धीरे चूस लें।

दालचीनी- दालचीनी के एक टुकड़े को मुंह में रखकर कुछ देर तक चूसने से भी हिचकियां आनी बंद हो जाती हैं।

लहसुन या प्याज- एक लहसुन या प्याज को टुकड़े को सुंघने से भी आपको इससे राहत मिल जाएगी। इसके अलावा हिचकी रोकने के लिए आप गाजर के रस को भी सूंघ सकते हैं।

काली मिर्च- हिचकी को रोकने के लिए काली मिर्च का चूर्ण बनाकर शहद के साथ खाएं। इससे आपकी हिचकियां तुरंत रूक जाएगी।

शक्कर- अगर आपको लगातार हिचकी आ रही है तो अपनी जीभ के नीचे शक्कर रख लें। इसके अलावा हिचकी रोकने के लिए आप 1 चम्मच चॉकलेट पाउडर खाएं। ऐसा करने से हिचकी तुरंत बंद हो जाएगी।

शहद- 6 ग्राम शहद, 20 ग्राम नींबू का रस और काली मिर्च को मिक्स करके चाटने से भी हिचकियां आना बंद हो जाएंगी।